भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या †*8**

उत्तर देने की तारीख 20 जुलाई, 2026

29 आषाढ़, 1948 (शक)

# खेलों से संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए स्वीकृत धनराशि

***8. श्री जय प्रकाश:**

**श्री सतपाल ब्रह्मचारी:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हिसार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध खेल अवसंरचना, स्टेडियमों, खेल के मैदानों, इनडोर हॉल और प्रशिक्षण सुविधाओं का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की किसी योजना के अंतर्गत उक्त निर्वाचन क्षेत्र में नए खेल स्टेडियम, बहुउद्देशीय खेल परिसर, सिंथेटिक ट्रैक, ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के मैदान या खेलों से संबंधित अन्य सुविधाओं के निर्माण या उन्नयन के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

(ग) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सोनीपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में खेल स्टेडियम, बहुउद्देशीय खेल परिसर, खेल अकादमी और खेलों से संबंधित अन्य सुविधाओं के विकास के लिए स्वीकृत और व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण, खेल उपकरणों, प्रशिक्षकों, छात्रवृत्तियों और प्रतिभा पहचान कार्यक्रमों का लाभ प्रदान करने तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए विशेष सहायता प्रदान करने के लिए कोई विशेष योजना कार्यान्वित कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में भावी कार्ययोजना क्या है तथा विशेषकर उक्त निर्वाचन क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या नए कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ङ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

**माननीय लोकसभा सदस्य श्री जय प्रकाश और श्री सतपाल ब्रह्मचारी द्वारा "खेलों से संबंधित बुनियादी ढ़ाचे के लिए स्वीकृत धनराशि" के संबंध में दिनांक 20.07.2026 के लिए पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या †*8 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों से संबंधित बुनियादी ढ़ाचों के आकलन, खेल स्टेडियमों, खेल के मैदानों, इनडोर हॉल और प्रशिक्षण सुविधाओं के विकास और उन्नयन, आधुनिक कोचिंग, खेल उपकरण, छात्रवृत्ति, प्रतिभा की पहचान और एथलीटों की सहायता संबंधी प्रावधान सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके इन प्रयासों में सहायता करती है। इस मंत्रालय में उपर्युक्त के संबंध में राज्य सरकार से ऐसा कोई आकलन प्राप्त नहीं हुआ है। मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ), जिनके तहत खेलों से संबंधित बुनियादी ढ़ाचे के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, मांग-संचालित स्कीमें हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के तहत धन की उपलब्धता के आधार पर वित्तीय सहायता के लिए विचार किया जाता है। हरियाणा राज्य के हिसार और सोनीपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनके लिए स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि तथा उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड पर क्रमशः https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html, पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) धनराशि स्कीम-वार आवंटित और जारी की जाती है न कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तथा घटक-वार। पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश भर में खेल विभाग की विभिन्न खेल विकास स्कीमों के तहत आवंटित धनराशि और व्यय का विवरण निम्नानुसार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

| वित्तीय वर्ष | आवंटित धनराशि | किया गया खर्च |
|---|---|---|
| 2023-24 | 2380.86 | 2329.35 |
| 2024-25 | 2332.50 | 2136.97 |
| 2025-26 | 2347.14 | 2228.88 |
| 2026-27 (14.07.2026 की स्थिति के अनुसार) | 1981.35 | 367.81 |

(घ) और (ङ) : युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय हरियाणा राज्य सहित देशभर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित करता है:

i. खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम;
ii. राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता;
iii. अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के पदक विजेताओं और उनके कोच को नकद पुरस्कार
iv. राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
v. मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
vi. खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम;
vii. राष्ट्रीय खेल विकास निधि;
viii. भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन; और
ix. राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर)।

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

सरकार खेलों से संबंधित बुनियादी ढ़ाचे के विकास, एथलीट विकास कार्यक्रमों के विस्तार, प्रतिभा पहचान पहलों और राज्य सरकारों तथा अन्य कार्यान्वयन एजेंसियों से प्राप्त पात्र प्रस्तावों को मौजूदा स्कीमों के तहत समर्थन देकर खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बना रही है।

*****